<u>*प्रेस विज्ञप्ति*</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>पंतनगर विश्वविद्यालय को मिला 'लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स इंस्टेंट पुलाव' का पेटेंट</u>

पंतनगर। 10 अप्रैल 2026। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को एक बड़ी सफलता मिली है। विश्वविद्यालय द्वारा विकसित 'लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स इंस्टेंट पुलाव' बनाने की प्रक्रिया को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा पेटेंट प्रमाण पत्र 12 मार्च 2026 को अनुदत्त किया गया है। इस नवाचार को डा. सरिता श्रीवास्तव, प्राध्यापक, खाद्य एवं पोषण विभाग, सामुंदायिक विज्ञान महाविद्यालय एवं उनकी शोध छात्रा कु. श्वेता जोशी ने तैयार किया है। यह पुलाव विशेष रूप से मधुमेह (डायबिटीज) के रोगियों के लिए उपयोगी है, क्योंकि इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स मात्र 34.12 है। कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होने के कारण इसमें मौजूद शर्करा शरीर में धीरे–धीरे अवशोषित होती है, जिससे रक्त शर्करा स्तर नियंत्रित रहता है। पोषण के लिहाज से भी यह सामान्य चावल से बने पुलाव की तुलना में अधिक लाभकारी है। इस उत्पाद को सीलबंद एल्युमिनियम बैग में कमरे के तापमान पर लगभग दो महीने तक सुरक्षित रखा जा सकता है। साथ ही यह व्रत (उपवास) के दौरान भी सेवन के लिए उपयुक्त है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को पेटेंट मिलने पर बधाई दी। उन्होंने डा. एम.जी.एच. जैदी, सीईओ, बौद्धिक संपदा प्रबंधन केंद्र को भी इस पेटेंट को हांसिल करने पर शुभकामनाएं दीं।



INTELLECTUAL PROPERTY INDIA

क्रम सं/SL No :011227307

पेटेंट कार्यालय,भारत सरकार | The Patent Office, Government Of India
पेटेंट प्रमाण पत्र | Patent Certificate
(पेटेंट नियमावली का नियम 74) | (Rule 74 of The Patents Rules)

पेटेंट सं. / Patent No. : 582947
आवेदन सं. / Application No. : 201611020583
फाइल करने की तारीख / Date of Filing : 16/06/2016
पेटेंटी / Patentee : G. B. PANT UNIVERSITY OF AGRICULTURE AND TECHNOLOGY

प्रमाणित किया जाता है कि पेटेंटी को, उपरोक्त आवेदन में यथाप्रकटित *Low Glycemic Index Instant Pulav* नामक आविष्कार के लिए, पेटेंट अधिनियम, 1970 के उपबंधों के अनुसार आज तारीख जून 2016 के सोलहवें दिन से बीस वर्ष की अवधि के लिए पेटेंट अनुदत्त किया गया है।

It is hereby certified that a patent has been granted to the patentee for an invention entitled *Low Glycemic Index Instant Pulav* as disclosed in the above mentioned application for the term of 20 years from the 16th day of June 2016 in accordance with the provisions of the Patents Act,1970.

अनुदान की तारीख
Date of Grant : 12/03/2026

पेटेंट नियंत्रक
Controller of Patents

टिप्पणी - इस पेटेंट के नवीकरण के लिए फीस, यदि इसे बनाए रखा जाना है, जून 2018 के सोलहवें दिन को और उसके पश्चात प्रत्येक वर्ष में उसी दिन देय होगी।
Note. - The fees for renewal of this patent, if it is to be maintained, will fall / has fallen due on 16th day of June 2018 and on the same day in every year thereafter.

पेटेंट प्रमाण पत्र

प्राध्यापक डा. सरिता श्रीवास्तव

शोध छात्रा कु. श्वेता जोशी